उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तारः-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु सार्वजनिक स्थान में संचालित अवैध सट्टा एवं जुआ में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 13.09.2023 को श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई द्वारा गठित की गयी टीम के उ0नि0 रामकिशन यादव द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगा कर जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तगण को सिद्ध बाबा मंदिर मु0 अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना कबरई से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त की जामा तलाशी से 420 रुपये, मालफड 2,280/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुये। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 243/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 रामकिशन यादव 2. हे0कां0 रामकरन
3.हे0कां0 वसीम अहमद 4. का0 अंकुश पाल
5.कां0 चेतपाल निषाद थाना कबरई जनपद महोबा

### बरामदगी-

मालफड़- कुल 2,700/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.नरेन्द्र कुशवाहा पुत्र रामसजीवन कुशवाहा उम्र 31 वर्ष
2.बबलू कुशवाहा पुत्र गनपत कुशवाहा उम्र 30 वर्ष
3.राजा कुशवाहा पुत्र गनपत कुशवाहा उम्र 27 वर्ष
4.हरीशंकर पुत्र सिद्ध गोपाल उम्र 35 वर्ष
5.महेश कुशवाहा पुत्र रामसेवक कुशवाहा उम्र 32 वर्ष
6.अमित साहू पुत्र स्व0 बद्री प्रसाद साहू उम्र 20 वर्ष समस्त निवासीगण मु0 अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना कबरई महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 14.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 रामकिशन यादव के द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त वेदप्रकाश अवस्थी पुत्र रमाकान्त उम्र करीब 28 वर्ष निवासी मुहल्ला विवेक नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा को सम्बन्धित भरण पोषण याचिका संख्या 31/22 धारा 128 सीआरपीसी में मुहल्ला विवेक नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया, बाद गिरफ्तारी अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोबा के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राम किशन यादव
2. का0 बृजेश कुमार गौतम

### गिरफ्तार अभियुक्त-

वेद प्रकाश अवस्थी पुत्र रमाकान्त उम्र करीब 28 वर्ष निवासी मुहल्ला विवेक नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कराई गई सामूहिक दौड़।

माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा 13 सितंबर, 2023 को दूरदर्शी स्वास्थ्य कार्यक्रम 'आयुष्मान भव:' अभियान का उद्घाटन किया गया। देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और समावेशिता को फिर से परिभाषित करने के लिए निर्धारित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया गया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया 'आयुष्मान भव:' अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है, जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करना है। यह अभूतपूर्व पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता पर आधारित है और स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का प्रतीक है।

इसी क्रम में आज दिनांक 14.09.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिसार निरीक्षक महोबा के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सामूहिक दौड़ कराई गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बताया गया कि यह अभियान, 17 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2023 तक 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान लागू किया जाएगा, यह पूरे राष्ट्र और पूरे समाज के दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह सरकारी क्षेत्रों, नागरिक समाज संगठनों और समुदायों को एक सामान्य मिशन के तहत एकजुट करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी असमानता के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने 550 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम एंव क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार के पर्यवेक्षण मे में चलाये जा रहे अवैध गांजा की बिक्री एवं तस्करी तथा उसमे संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.09.2023 को थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक यशवन्त सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के उ0नि0 देवेन्द्र कुमार द्वारा मेला ग्राउण्ड पुलिया के पास से 01 नफर अभियुक्त नीरज यादव पुत्र टीकाराम यादव उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम सतौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को मय अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक झोले मे 550 ग्राम अवैध सूखा गांजा नाजायज बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 141/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कराने हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा
2. कां0 सौरभ सिंह
3. का0 कुंवर पाल

### बरामदगीः-

550 ग्राम अवैध सूखा गांजा नाजायज बरामद ।

### गिरफ्तार अभियुक्तः-

नीरज यादव पुत्र टीकाराम यादव उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम सतौरा थाना महोबकंठ महोबा



# थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.09.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 सत्यपाल सिंह द्वारा तलाश वाँछित/वारण्टी, के दौरान 01 नफर अभियुक्त प्रमोद सिंह पुत्र हुकुम सिंह उम्र करीब 34 वर्ष निवासी नैगवा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा के द्वारा जारी सीपीन0- 600067/08 धारा 323/504/506 भादवि थाना कबरई में ग्राम नैगवा महोबा से गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक विवरणः-

प्रमोद सिंह पुत्र हुकुम सिंह उम्र करीब 34 वर्ष निवासी नैगवा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा के द्वारा जारी सीपीन0- 600067/08 धारा 323/504/506 भादवि थाना कबरई

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सत्यपाल सिंह प्रभारी चौकी पसवारा थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 राजकुमार



## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने चोरी के 03 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये आभूषण सहित अवैध तमंचा/कारतूस बरामद ।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 14.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के उ0नि0 देवेन्द्र पाण्डेय द्वारा 03 नफर वांछित अभियुक्त 1. मोहित परिहार पुत्र बुद्ध सिंह उम्र 19 वर्ष 2. अजय रैकवार पुत्र मनोज रैकवार उम्र 18 वर्ष 3. नीलू रैकवार उर्फ वीरू पुत्र शंकर रैकवार उम्र 20 वर्ष को थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 177/23 धारा 380 भादवि में ग्राम पिपरामाफ से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, बाद गिरफ्तारी आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### बरामदगी विवरण-

1.**मोहित परिहार उपरोक्त के कब्जे से** एक झोले में एक अदद टूटी हुई पीतल की झूमर एक अदद ऊट की प्रतिमा जिस पर आदमी बैठा है सफेद धातु की जिसकी लम्बाई 7 अंगुल व ऊँचाई 9 अंगुल ,1 अदद कर्धन/पेटी सफेद धातु ,एक जोडी पायल सफेद धातु ,एक अदद तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस

2.**अजय रैकवार उपरोक्त के कब्जे से** लाल रंग के पारदर्शी डिब्बी में एक जोडी पीली धातु की झुमकी एवं मनचली के छोटे बडे 7 लाकेट सभी पीली धातु व दो नाक की कील , चार सफेद धातु के सिक्के जिसमें एक तरफ गणेश ,दूसरे में ऊँ ,तीसरे सिक्के में श्री ,चौथे सिक्के में यंत्र बना हुआ है

3.**नीलू रैकवार उपरोक्त के कब्जे से** तीन जोडी पायल सफेद धातु पुरानी इस्तेमाली ,दो अदद छोटे बडे छल्ले सफेद धातु, 8 अदद बिछिया सफेद धातु व 12 अदद बिछियां लरदार घुंघरू सहित सफेद धातु , दो अदद अंगूठी व एक अदद छल्ला सफेद धातु व एक अदद चाकू लोहा मय चार बण्डल प्लास्टिक पारदर्शी डिब्बे सर्व सील मुहर जिसमे क्रमशः पहले डिब्बे में एक अदद करधन/ पेटी,दो अदद पायल घुंघरूदार व दूसरे डिब्बे के अंदर एक बरामद झोला जिसपर राधा रानी साडी सेन्टर अंकित है व टूटी हुई पीतल की झूमर व एक अदद सफेद धातु का ऊंट जिसपर आदमी सवार है व तीसरे डिब्बे में एक जोडी झुमकी पीली धातु व मनचली के 7 छोटे बडे लॉकेट , 6 अदद कुंण्डे पीली धातु व 2 अदद नाक की कील पीली धातु , 4 अदद सिक्के सफेद धातु , चौथे डिब्बे में 3 जोडी पायल सफेद धातु , दो अदद छल्ले छोटे बडे सफेद धातु ,8 नक बिछिया सफेद धातु ,12 नक बिछिया लरदार घुंघरू सहित , 2 अदद अंगूठी व एक अदद छल्ला सफेद धातु बरामद

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 देवेन्द्र पाण्डेय 2.उ0नि0 राजेश कुमार 3.का0 सत्यदेव सिंह
4. का0 विजय शंकर त्रिपाठी 5.का0 हरिओम 6. का0 शुभम यादव

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.मोहित परिहार पुत्र बुद्ध सिंह उम्र 19 वर्ष 2.अजय रैकवार पुत्र मनोज रैकवार उम्र 18 वर्ष निवासीगण ग्राम पठारी पिपरामाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा 3.नीलू रैकवार उर्फ वीरू पुत्र शंकर रैकवार उम्र 20 वर्ष ग्राम दिलनिया तलवा थाना कोतवाली छतरपुर म.प्र.



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 14.09.2023

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।





पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री सत्यम के निकट के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 14.09.2023 को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।

महोबा पुलिस